BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
Sunday
15-05-2022
www.bordernewsmirror.com
www.bordernewsmirror.com Only bilingual Newspaper ₹5

**भोजपुरी फिल्म 'पंख' की शूटिंग 18 मई से**

फिल्म से जुड़ी एक और दिलचस्प खबर सामने आई है, जिसमें फिल्म के सभी मुख्य कलाकारों के नाम सामने आ गए हैं। 9

**तेजाब' ने 'धक-धक' गर्ल को बना दिया हर दिल की धड़कन**

माधुरी को कई फिल्मों के ऑफर मिलने लगे, लेकिन उन्हें असली पहचान साल 1988 में आई फिल्म 'तेजाब' से मिली। 9



**द आर्चीज' के साथ डेब्यू कर रही हैं सुहाना खान**

ज़ोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ सुहाना खान फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। 9

**राष्ट्रपति कोविन्द राजकीय यात्रा पर रवाना**

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द शनिवार को जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) के एक सप्ताह के दौरे पर रवाना हो गये। 8



## BRIEFLY

### पंजाब में संगठन को और मजबूत करेगी भाजपाः जेपी नड्डा

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया है। राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद नड्डा पहली बार शनिवार को पंजाब आये हैं। उन्होंने आज लुधियाना में प्रदेश पदाधिकारियों, कोर ग्रुप, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, जिला प्रभारी और विधानसभा 2022 में भाजपा और अपने सहयोगी दल पंजाब लोक कांग्रेस के भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की बैठक को संबोधित किया। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि पार्टी को पंजाब में और मजबूती की तरफ लेकर जाना है। छह माह में ही पार्टी को सूबे में बड़ा समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने खुद भाजपा से नाता तोड़ा था। भाजपा ने किसी का साथ नहीं छोड़ा। भारतीय जनता पार्टी कभी अपने राजनीतिक साथी को नहीं छोड़ती और पूरा गठबंधन धर्म निभाने में यकीन रखती है। नड्डा ने किसान आंदोलन के दौरान विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी का साथ देने वाले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब की जनता शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस से खफा है, इसका अहसास हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में हो गया। उन्होंने कहा कि अच्छे लोगों का भाजपा में स्थान है और ऐसे लोगों के लिए दरवाजे हमेशा के लिए खुले हैं।

## Trending News

### डका अग्निकांडः शवों की पहचान करना बड़ी चुनौतीः डीसीपी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मुंडका अग्निकांड दर्दनाक हादसे पर डीसीपी समीर शर्मा ने बताया कि सभी शवों का डीएनए टेस्ट किया जाएगा, क्योंकि शवों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। डीसीपी ने बताया अग्निकांड मामले में फैक्टरी के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और अभी इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं जिन लोगों के शव की पहचान नहीं हो पा रही है उनका डीएनए किया जायेगा। इस हादसे में 27 लोगों की मौत और 12 लोग घायल है। घायलों का इलाज मंगोलपुरी में स्थित संजय गांधी अस्पताल में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जो लोग घायल हैं या जिनकी मौत हो गई है उनकी पूछताछ के लिए परिवार वाले अस्पताल नहीं पहुंच पाए हैं। उनके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है और जो पहुंच रहे है उनके लिए एक काउंटर बनाया है, जिसमें एक फार्म भर कर घर के दो सदस्य जाकर शव की पहचान कर सकते हैं। अभी तक छह लोगों के शव की पहचान हो चुकी है। जिनका नाम टानिया भूषण, मोहिनी पाल, यशोदा देवी, रंजू देवी, विशाल मिथिलेश और दृष्टि के रूप में हुई है। मुंडका अग्निकांड मामले में पुलिस की जांच लगातार जारी है।



# त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद से बिप्लब कुमार देब ने दिया इस्तीफा

बीएनएम@अगरतला

अगरतला। त्रिपुरा की पहली भाजपानीत सरकार के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने सभी को आश्चर्यचकित करते हुए शनिवार को राज्यपाल एसएन आर्य को अपना इस्तीफा सौंप दिया। देब ने यह घोषणा राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के बाद की। बिप्लब कुमार देव भाजपा त्रिपुरा के प्रभारी सांसद बिनोद सोनकर, केंद्रीय नेता अजय जामवाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद डॉ. माणिक साहा और केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक के साथ राज भवन में गए और राज्यपाल को अपना त्याग पत्र सौंपा। देब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से गुरुवार को नई दिल्ली में मुलाकात कर त्रिपुरा में प्रदेश भाजपा की संगठनात्मक स्थिति पर चर्चा की। दिल्ली से लौटने के बाद आज उन्होंने अचानक यह कदम उठाया, जिसकी किसी को कल्पना नहीं थी। माना जा रहा है कि उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के साथ बातचीत के बाद यह कदम उठाया है। 2018 में मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले देब को लेकर अक्सर विवाद होते रहे हैं। पिछले एक साल में उनके इस्तीफे की कई अफवाहें सामने आईं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व त्रिपुरा में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए नेतृत्व बदलने के मुद्दे पर भी करीबी नजर रखे हुए है। सूत्रों के अनुसार शनिवार को पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से त्रिपुरा में पार्टी के नए मुख्यमंत्री का चुनाव कर लिया जाएगा।

# असमः मुख्यमंत्री ने 22,958 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र



बीएनएम@गुवाहाटी

गुवाहाटी। भाजपा नेतृत्व अधीन डॉ. हिमंत बिस्व सरमा सरकार ने शनिवार को अब तक का सबसे बड़ा युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपा। गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में 22,958 युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा और अन्य विभागीय मंत्रियों ने इन युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। जिन विभागों में नियुक्तियां की गयी हैं, उनमें मुख्य रूप से गृह विभाग में 8,867, प्राथमिक शिक्षा विभाग में 7,422, माध्यमिक शिक्षा विभाग में 3,517, उच्च शिक्षा विभाग में 124, जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग में 330, जल संसाधन विभाग में 105, समाज कल्याण विभाग में 69, स्वास्थ्य विभाग में 2,419, कृषि विभाग में 55, पर्यावरण एवं वन विभाग में 23, लोक निर्माण विभाग में 8, खान एवं खनिज विभाग में 2 और श्रम कल्याण विभाग में 17 पदों के लिए नियुक्ति पत्र युवाओं को सौंपे गये। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि आज का दिन राज्य के इतिहास में एक यादगार दिन होगा।

# बिहार : सीतामढ़ी में निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री के प्रस्थान करते ही टूट गया तटबंध

बीएनएम@पटना/सीतामढ़ी

पटना/सीतामढ़ी। बिहार में भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की मुख्यमंत्री नीतीश की कोशिश को उनके अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। ताजा मामला सीतामढ़ी में लखनदेई नदी पर बने तटबंध से जुड़ा है। सीतामढ़ी जिले में दशकों से निर्जीव पड़ी लखनदेई नदी की उड़ाही का कार्य को देखने खुद नीतीश कुमार पहुंच थे। वे काफी देर तक रुककर वहां सूखी पड़ी नदी को निहारते रहे लेकिन जैसे ही उनका हेलीकॉप्टर हवा में उड़ा, वैसे ही लखनदेई नदी के तटबंध पर बनाया गया बांध टूट गया। देखते-ही-देखते पानी पूरे गांव में भर गया। सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड स्थित खाप-खोपराहा में सीएम नीतीश कुमार लखनदेई नदी की उड़ाही का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सीएम ने नए निर्माणाधीन बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने प्रस्थान किया। हेलीपैड से नीतीश के हेलीकॉप्टर ने जैसे ही उड़ान भरा वैसे ही बांध का भी सब्र टूट गया। गांव के भीतर पानी तेज गति से भरने लगा। पानी का बहाव इतना तेज था कि खेतों से होते हुए नदी का पानी गांव की तरफ बहने लगा। इसे देखकर ग्रामीण घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। **बिशेष पेज दो पर**



मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू कुमारी सिन्हा की पुण्य तिथि के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# नितिन गडकरी ने कोईलवर सिक्सलेन पुल का किया उद्घाटन





बीएनएम@पटना

पटना। बिहार का शाहाबाद और पूर्वांचल समेत अन्य जिलों से राज्यों को बिहार की राजधानी पटना से जोड़ने वाला नया कोईलवर सिक्सलेन पुल बनकर तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। उद्घाटन के दौरान स्थानीय सांसद और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह कोईलवर में आयोजित उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे। कोईलवर के पुराने अब्दुल बारी पुल के समानांतर बने छह लेन के पुल से शनिवार से विधिवत परिचालन शुरू हो गया। हालांकि, परिचालन पहले से शुरू है लेकिन आज उद्घाटन के बाद इसका विधिवत संचालन शुरू हो गया। पुराने अब्दुल बारी पुल के समानांतर बने 1.5280 किलोमीटर के छह लेन के पुल के डाउनस्ट्रीम के तीन लेन का निर्माण 266 करोड़ से हुआ है। अपस्ट्रीम के तीन लेन का उद्घाटन 10 दिसंबर, 2020 को ही हो चुका है तथा उसपर परिचालन शुरू है। कोईलवर में बना नया सिक्सलेन पुल व्यावसायिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। डोरीगंज बबुरा के बीच गंगा नदी पर बने पुल, सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे, मोहनिया-आरा पथ सासाराम-आरा और आरा-बक्सर पथ के बन जाने से पुराने कोईलवर पुल पर दबाव काफी बढ़ गया था। सुव्यवस्थित यातायात और परिचालन के लिए नये पुल की आवश्यकता पड़ी। इसके बाद 22 जुलाई, 2017 को सोन नदी के पूर्वी छोर पर विधिवत पूज़ा-अर्चना कर पुल का शिलान्यास स्थानीय सांसद आरके सिंह ने किया था। लगभग पांच वर्षों की समय सीमा में यह छह लेन का पुल बनकर तैयार हुआ, जिसे आज देश को समर्पित किया गया।

### सीएम नीतीश को छोड़कर कई मंत्री रहे शामिल

एनएच 30 के कोईलवर सोन नदी पर बने पुल के शेष तीन लेन का उद्घाटन माननीय मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग, नितिन गडकरी जी एवं माननीय ऊर्जा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, आर के सिंह दोपहर 12:30 बजे कोइलवर सोन पुल के पास किए एवं इसे राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस उद्घाटन समारोह की भव्य तैयारी जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग द्वारा किया गया था। वहीं हाल ही में कोइलवर पुल के उद्घाटन को लेकर जगह-जगह पोस्टर लगवाए गए थे, लेकिन उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर नहीं थी। जिसके कारण विवाद हो गया था।

## NEWS IN BRIEF

### सड़क दुर्घटना में चाचा- भतीजे की मौत

भागलपुर। जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर - एकचारी मुख्य सड़क मार्ग स्थित धनौरा गांव के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक से कुचले जाने से दो व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक धनौरा गांव निवासी मैनी पासवान पिता गोविन्द पासवान उम्र 65 वर्ष और महेश पासवान पिता मैनी पासवान उम्र 45 वर्ष है। आज महेश पासवान की बेटी की शादी होने वाली थी और शाम में कहलगांव थाना क्षेत्र के लगमा गांव से बरात आने वाला थी। घर में जश्न था। अचानक सनोखर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित हाईवा ने घर के सामने ही चाचा भतीजा को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने खदेड़ कर हाईवा को पकड लिया। ट्रक के खलासी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और जमाकर धुनाई कर दी। ट्रक के ड्राइवर किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। आक्रोशित ग्रामीणों ने बास बल्ला लगाकर सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही रसलपुर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में लगे रहे।

### बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बह रही बयार : अमरदीप

मुंगेर। जदयू कार्यालय मुंगेर कर्पूरी सभागार में शिक्षा प्रकोष्ठ जदयू की ओर से आज एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जदयू अध्यक्ष संतोष सहनी ने किया ।बैठक में प्रदेश जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। मौके पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को गर्मजोशी के साथ अंग वस्त्र से स्वागत किया। डॉ अमरजीत ने बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई बयार बह रही हैं ।

# बदले मिजाज से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली निजात

बीएनएम@अररिया

अररिया। हिमालय के तलहटी में बसा भारत-नेपाल सीमावर्ती इलाके में सुबह में मौसम ने अचानक अपना मिजाज बदला और आकाश में काले घने मंडराते बादल के साथ हुई झमाझम बारिश ने अचानक एक पखवाड़े से पड़ रही गर्मी से लोगों को निजात दिलाई। हवा के साथ हुए बारिश से तापमान में अचानक गिरावट आ गयी,जिसके कारण लोगों ने गर्मी से राहत ली। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के कारण लोगों का आम जनजीवन काफी प्रभावित हो गया था।गर्मी के कारण दोपहर में लोग घरों में ही दुबके रहने के लिए विवश थे।सड़के विरान और सुनसान थी।लेकिन आज बीते देर शाम से ही आकाश में जब काले घने घूमते बादल ने सुबह में हवा के साथ बारिश की तो अममजनों को गर्मी से राहत मिली।जिले के अधिकांश भागों में बारिश हुई है।

# संदिग्ध परिस्थिति में गायब व्यवसायी का एनएच के किनारे फेंका मिला शव

बीएनएम@बेगूसराय

बेगूसराय। बेगूसराय जिला मुख्यालय के कचहरी चौक के समीप से संदिग्ध परिस्थिति में गायब बीज-खाद विक्रेता प्रवीण कुमार का शव साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। शव मिलने की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को एनएच-31 के समीप अज्ञात युवक का शव देखकर हड़कंप मच गया तथा बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई तथा काफी खोजबीन के बाद मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी। घटना के संबंध में नगर थाना क्षेत्र के शनिचरा स्थान मियांचक निवासी सुरेन्द्र महतो ने बताया कि उनका पुत्र प्रवीण कुमार कचहरी चौक के समीप सुरेन्द्र सीड्स नाम से बीज-खाद की दुकान चलाता था। शुक्रवार की रात नौ बजे जब उससे बात हुई थी तो कुछ देर में दुकान बंद कर घर आने की बात कही थी लेकिन काफी देर बाद भी घर नहीं पहुंचने पर फिर से फोन किया गया तो उसका मोबाइल बंद था। खोजबीन करते हुए परिजन दुकान पर पहुंचे तो दुकान बंद था एवं मोटरसाइकिल दुकान के बाहर सड़क पर लगी हुई थी। परिजनों की सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस सीसीटीवी की जांच सहित अन्य पहलुओं पर छानबीन कर रही थी कि साहेबपुर कमाल क्षेत्र में शव मिलने की सूचना से कोहराम मच गया है।

# इस साल भी समय से पूर्व बिहार में दस्तक देगा मानसून

बीएनएम@पटना

पटना। केरल के तट पर समय से पूर्व मानसून के दस्तक देने की संभावना के आधार पर मौसम वैज्ञानिकों ने इस वर्ष भी बिहार में समय से पूर्व मानसून के पहुंचने की भविष्यवाणी की है। मानसून के झारखंड से होते हुए 12 से 17 जून तक बिहार पहुंचने की संभावना है। बिहार में मानसून का प्रवेश जमुई और पूर्णिया से होने की उम्मीद है। पूर्वानुमान के मुताबिक पटना में मानसून 20 तक पहुंचने के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक अंडमान-निकोबार में सामान्य रूप से मानसून 22 मई को दस्तक देता है लेकिन इस बार यह 15 मई को ही पहुंच जाएगा। इस वर्ष मानसून के सामान्य (99 फीसदी) रहने का अनुमान है। पटना, गया, नवादा, नालंदा सहित 19 जिलों में 15 दिनों के बाद हवाओं के रुख में बदलाव हुआ है। उत्तरी हिस्से में पहले की तरह पूर्व और दक्षिण पूर्व हवाओं का प्रभाव है।



# बिहार में 60 डीएसपी की नियुक्ति



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग ने 65वीं संयुक्त परीक्षा के आधार पर बिहार में 60 डीएसपी की नियुक्ति की है। बिहार पुलिस सेवा के लिए 60 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई थी। इसके बाद गृह विभाग ने परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षकों को वेतनमान लेवल- 9 (53100 से 167800) में नियुक्त किया है। इन 60 ट्रेनी डीएसपी को योगदान के समय 'दहेज' नहीं लेने का शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा।साथ ही हेल्थ सर्टिफिकेट भी जमा करना होगा। अगर जांच में किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है तो नौकरी जा सकती है। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी संभव है। इस नियुक्ति की खास बात यह है कि 60 ट्रेनी डीएसपी में महिलाओं की संख्या ज्यादा है यानी 60 ट्रेनी डीएसपी में 21 महिला ट्रेनी डीएसपी हैं। नियुक्त किये गये ट्रेनी डीएसपी में अभिनव पराश, अनीशा राणा, चंदन कुमार ठाकुर, आयुष श्रीवास्तव, हिमांशु कुमार,पौरुष अग्रवाल, निशांत कुमार, आलोक कुमा,र कनिष्क श्रीवास्तव, निशांत गौरव, आकाश किशोर, राजीव कुमार, फैज आलम सबा, रुपेश नारायण, विशाल आनंद, संतोष कुमार पोद्दार, ईशा गुप्ता, गौरव कुमार यादव शामिल हैं। आसिफ आलम, विकास कुमार, वसीम फिरोज, पवन कुमार यादव, अंकुर कुमार, पल्लवी कुमारी, रवि कुमार, पूजा प्रसाद, आशीष कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद अजहरुद्दीन, दिलीप कुमार, पंकज कुमार, कन्हैया कुमार, दुर्गेश दीपक, आदिति सिन्हा, आनंद कुमार सिंह, शत्रुध्न कुमार मंडल, संजीत कुमार गुप्ता, रश्मि कुमारी, कुमारी सिया, नीलिमा राय, अनुशील कुमार, पूजा कुमारी, श्वेता कुमारी, रागिनी कुमारी, सीमा कुमारी, दयानंद कुमार, सनी दयाल, अनिल कुमार, ज्योति कुमारी, संगीता, मधु कुमारी, पिंकी कुमारी, सपना रानी, रौली कुमारी, मनीषा बेबी, सलमा खातून, कामिनी कौशल, नीतीश चंद्र धारिया, माधुरी कुमारी और पूजा विश्वास शामिल हैं।

# कोईलवर पुल के लोकार्पण पोस्टर से नीतीश का नाम गायब, विपक्ष का तंज




बीएनएम@पटना

पटना। कोईलवर पुल के लोकार्पण समारोह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दरकिनार करने का मामला जोर पकड़ने लगा है। कार्यक्रम के पोस्टर में सीएम नीतीश कुमार को जगह नहीं दिए जाने को लेकर बिहार में सियासत तेज हो गई है। इसको लेकर विपक्षी दल जहां भाजपा पर हमलावर बना हुआ है, वहीं भाजपा नेता सफाई देने में लगे हैं। जदयू का कहना है कि नीतीश कुमार लोगों के दिलों में बसते हैं, उन्हें किसी पोस्टर की जरुरत नहीं है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि कोईलवर पुल के लोकार्पण में भाजपा ने बड़ा खेल किया है। उन्होंने भाजपा से पूछा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार एनडीए के नेता हैं या नहीं हैं। क्योंकि, भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से बेदखल कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा बड़े खेल की तैयारी में है लेकिन वह उसमें कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जदयू के लोगों को सोचना चाहिए कि भाजपा ने कैसे नीतीश कुमार का अपमान किया है। डबल इंजन की सरकार में एक इंजन कोईलवर जा रहा है तो दूसरा नालंदा। उन्होंने कहा कि भाजपा और जदयू के बीच जारी घमासान सामने आ गया है। भाजपा कोटे से पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने पोस्टर से सीएम नीतीश कुमार की तस्वीर गायब होने पर सफाई दी है। नितिन नवीन ने कहा है कि बिहार में नेतृत्वहीन विपक्ष इन्हीं सब में मुद्दों की तलाश करता रहता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर ही यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। निजी कारणों से मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं। मुख्यमंत्री के मना करने पर ही निमंत्रण पत्र में उनका नाम नहीं दिया गया है। नितिन नवीन ने कहा कि जो लोग राजनीतिक रोटी सेंक कर सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं उनका सपना साकार नहीं होने वाला है। इस मामले पर जदयू की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा है कि भाजपा और जदयू के रिश्तों को इन चीजों से आंकने की जरूरत नहीं है। नीतीश कुमार बिहार की जनता के दिलों में बसते हैं और जनता हमेशा इसी चेहरे को चुनती है और इसी पर मुहर लगाती है।

## NEWS IN BRIEF

### महंगाई के मार से गरीब जनता तबाह: बुलो मंडल

भागलपुर। भागलपुर के तिलकामांझी स्थित राजद कार्यालय में शनिवार को पूर्व सांसद सह युवा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश में मंहगाई चरम सीमा पर है। डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस एवं खाद्यान्न पदार्थ का दाम आसमान छू रहा है। मंहगाई के मार से गरीब जनता तबाह है। केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना कराने में अक्षम साबित हुई है। जातिगत जनगणना के सभी वर्गों का समुचित विकास होगा। देश निजीकरण के दौर से गुजर रहा हैं। लोगों को नौकरी देने के नाम पर छंटनी किया जा रहा है। नौजवान को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होने कहा कि भागलपुर में स्मार्ट सीटी के नाम में लूट मचा है। भागलपुर से पीरपैंती रोड की स्थिति दयनीय है। प्रत्येक दिन ट्रक एवं सड़क के कारण दुर्घटना से मौत हो रही है। उपरोक्त सवाल पर राजद आंदोलन करेगी।

### राज्य में एक करोड़ राजद का बनेगा सदस्य: जयप्रकाश

बांका। पूरे बिहार में राजद की सदस्यता अभियान की गति तेज हो गयी है। राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में युवाओं व महिलाओं के साथ समाज के सभी वर्गो को जोड़ा जायेगा। राजद एक बड़ी पार्टी है. पार्टी के द्वारा चलायी जा रही सदस्यता अभियान से भी यह स्पष्ट हो जायेगा। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के प्रति जबरदस्त समाज के सभी वर्गो का जनाधार है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सह बांका के पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

## निशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन

बीएनएम@भागलपुर

भागलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नवगछिया के स्टूडेंट फोर सेवा के माध्यम से शनिवार को कदवा बोडवा टोला में निशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उदघाटन प्रांत संयोजक एसफएस के भरत सिंह जोशी, नगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, पूर्व प्रखण्ड प्रमुख अमोद सिंह, पूर्व मुखिया अशोक सिंह, डा बिरेंद्र, डॉ देवव्रत और सरपंच सीराज ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम का संचालन नगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह एवं अनुज चौरसिया ने संयुक्त रुप से किया। प्रांत संयोजक भरत सिंह जोशी ने कहा कि एसफएस के द्वारा यह समाज हित में किया गया सेवा कार्य काफी सहारणीय है। नगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि एसफएस टीम नवगछिया के द्वारा लगातार सेवा कार्य समाज में सुदूर दियारा क्षेत्र में किया जा रहा है।

## ग्राम कचहरी सचिव की कार्य अवधि का होगा विस्तार: सम्राट चौधरी

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार पंचायत आम चुनाव जिन ग्राम कचहरी में सचिव का पद रिक्त हैं उन ग्राम कचहरी के सचिव का नियोजन बिहार ग्राम कचहरी सचिव नियोजन, सेवा शर्त एवं कर्तव्य नियमावली, 2014 के प्रावधानों के अनुरुप होगा। यह जानकारी आज बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर दी। मंत्री ने कहा कि ग्राम कचहरी सचिव की कार्य अवधि का विस्तार होगा। ग्रामीण स्वराज्य और विकास के लिए पंचायत कचहरी सचिव की अहम भूमिका होती हैं। राज्य सरकार के इस फैसले से ग्राम कचहरी को सशक्त करने में बड़ा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम कचहरी में पूर्णकालिक रूप से संविदा पर नियोजित ग्राम कचहरी सचिव कार्यरत है वैसे ग्राम कचहरी सचिव की कार्यवधि का विस्तार नया नियोजन होने तक कर दिया गया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि किसी पंचायत क्षेत्र के नगरपालिका में सम्मिलित कर लिए जाने के फलस्वरुप जिन ग्राम कचहरियों का अस्तित्व समाप्त हो गया है वैसी ग्राम कचहरी में कार्यरत सचिवों की कार्यावधि समाप्त समझी जाएगी। वैसे व्यक्तियों को नये नियोजन के समय पूर्व कार्यानुभव के आधार पर दिए जाने वाले वेटेज का लाभ अवश्य प्राप्त हो सकेगा।

## ट्रेन से गिरकर महिला की मौत,एक घायल

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के वारसलीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के विपरीत साइड से शनिवार को ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसल कर गिरने से एक अधेड़ महिला की कटकर मौत हो गई। महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी. वहीं दूसरी घटना वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर हुई. कियूल से गया कि ओर जा रही हावड़ा-गया एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होने के दौरान एक 23 वर्षीय युवक का पैर फिसला और प्लेटफार्म पर धड़ाम से गिर गया। घटना में युवक के सिर के पिछले हिस्से में काफी चोट लगने के कारण अचेत हो गया। सूचना बाद स्टेशन प्रबंधक अरुण कुमार सिन्हा ने एक रेलकर्मी के माध्यम से युवक को इलाज़ के लिए वारिसलीगंज पीएचसी भिजवाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक चिकित्सा उपरांत नवादा रेफर कर दिया। घायल युवक मिर्जापुर मुहल्ला निवासी नवल पासवान का 23 वर्षीय पुत्र रितिक कुमार है। जो वारिसलीगंज क्षेत्र के किसी रिश्तेदार के घर से वापस नवादा लौटने के लिए ट्रेन में सवार होने के क्रम में दुर्घटना ग्रस्त होकर अचेत हो गया था।



## पेपर लीक मामले में हो सीबीआई जांच: पप्पू यादव



बीएनएम@पटना

पटना। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने सरकार से बीपीएससी पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। शनिवार को पटना के मंदिरी स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर उन्होंने जातिगत जनगणना, बीपीएससी पेपर लीक मामला और विश्वेसरैया भवन में आग लगने की घटनाओं पर सवाल खड़े किये। राजेश रंजन ने कहा कि जातिगत जनगणना अभी कोई मुद्दा नहीं है। इसके बावजूद इसे इवेंट बनाया जा रहा है। दूसरी तरफ बीपीसीएसी पेपर लीक मामले को इसके जरिए दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पप्पू यादव ने कहा कि लालू यादव हमेशा किंग मेकर की भूमिका में रहे। 15 सालों तक लालू यादव की सरकार बिहार में थी तो उन्होंने जाति जनगणना क्यों नहीं कराई। उन्होंने तेजस्वी से कहा कि वो जातीय जनगणना के लिए बिहार वासियों को गुमराह कर रहे हैं। अगर वे सच में चाहते हैं कि जातीय जनगणना के आधार पर आरक्षण मिले तो सबसे पहले वे अपनी पार्टी में अत्यधिक संख्या में पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज से आने वाले लोगों को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करें।

**जाप अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कोचिंग माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत से बिहार के युवाओं का करियर बर्बाद हो रहा है। बिहार के नौजवानों के अंदर गुस्सा है। सरकारी पदों पर बहाली के लिए करोड़ों रुपये की बोली लगाई जाती है। इस मुद्दे को सरकार और विपक्ष दबाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, इसमें दोनों की मिलीभगत है। इसलिए हम चाहते हैं कि हाईकोर्ट की देखरेख में सीबीआई से इस मामले की जांच कराई जाय।**

उन्होंने विश्वेसरैया भवन में आग लगने की घटना पर भी सवाल खड़ा किया। साथ ही कहा कि आग लगना संभव है लेकिन तीन दिन तक आग का नहीं बुझ पाना सवाल खड़ा करता है। बिहार में ही क्यों बार-बार सरकारी भवनों में आग लगती है।

# अमृत सरोवर में जल संचय के साथ होगी स्विमिंग की व्यवस्था: जिलाधिकारी



शिलान्यास के मौके पर जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय व अन्य

बीएनएम@मोतिहारी

**आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर अमृत सरोवर का शिलान्यास**

**नौ लाख की लागत से तैयार होगा सरोवर**

मोतिहारी। अमृत सरोवर में जल संचय के साथ मत्स्य पालन व स्विमिंग की व्यवस्था के साथ सौंदर्यीकरण कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा चुका है। इस अमृत सरोवर के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अवश्य ही स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उक्त बातें आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर शनिवार को स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय के बगल में मनरेगा द्वारा अमृत सरोवर के शिलान्यास के मौके पर जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने कही। वहीं इसके पूर्व सरोवर का शिलान्यास पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय ने नारियल फोड़ कर किया। उन्होंने कहा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जल जीवन हरियाली योजना के तहत नौ लाख रुपये की लागत से इस योजना का शिलान्यास किया गया है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शीर्षत अशोक ने सरोवर का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जल जीवन हरियाली योजना के तहत नौ लाख रुपये की लागत से इस योजना का शिलान्यास किया गया है। मौके डीआरडीए निदेशक राकेश कुमार रंजन, डीपीओ अमित कुमार उपाध्याय, प्रखंड विकास पदाधिकारी पिपराकोठी मुकेश कुमार, पीओ प्रकाश कुमार श्रीवास्तव, आरओ करिश्मा कुमारी, मुखिया हेमंत कुमार, उपेन्द्र पासवान, उपमुखिया मुकेश प्रसाद, पंसस सुदर्शन राय, पंचायत सचिव काशी तिवारी, पीआरएस प्रमोद कुमार, जेई विजय कुमार, संजय शर्मा, शंभु महतो, राजू पंडित, सुबोध सहनी, इंतेखब आलम, बिरेन्द्र ठाकुर, सहित कई लोग मौजूद थे।

## NEWS IN BRIEF

### आज़ादी के अमृत महोत्सव पर योग महोत्सव का आयोजन

मोतिहारी। आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून 2022 के 100 दिन के काउंटडाउन के संदर्भ में "योग महोत्सव "का आयोजन एलएनडी कॉलेज मोतिहारी में राष्ट्रिय सेवा योजना एवं नेहरु युवा केंद्र पूर्वी चंपारण के साझा प्रयत्नों से किया गया। इस योग महोत्सव में योगी शैलेन्द्र गिरी द्वारा युवा स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन सिखाएं गए। उनके द्वारा युवाओ को बताया गया कि यदि शरीर व मन स्वस्थ नहीं है तो लक्ष्य को पाना असंभव है। योग करने से मन और शरीर दोनों स्वस्थ होते है।

### युवाओ को नियमित योग करने की दी गई सलाह

कार्यक्रम में नेहरु युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी स्वरुप द्वारा युवाओ को नियमित योग करने कि एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगो को योग के महत्व को समझाने के अपील कि, उन्होंने कहा योग मनुष्य के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक उर्जा को बढ़ाता है। एलएनडी कॉलेज एनएसएस के नोडल ऑफिसर प्रो अरविन्द कुमार द्वारा युवाओ को नियमित योग करने को कहा एवं कहा कि सभी बिमारियों का उपचार योग एवं स्वस्थ जीवनशैली में निहित है। मौके पर नेहरु युवा केंद्र पूर्वी चंपारण के राष्ट्रिय युवा स्वयंसेवक रवि रंजन पाण्डेय, कुमार विवेक एवं एनएसएस स्वयंसेवक एवं अन्य उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर हुई भाजपा पदाधिकारियों की बैठक

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। मोदी सरकार के आठ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आज स्थानीय रामसन प्लाजा के सभागार मे भाजपा मोतिहारी जिला के पदाधिकारियों,मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की सामूहिक बैठक जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना की अध्यक्षता मे की गई। सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का 8 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित रहा।अब मोदी सरकार के इन 8 सालो मे किये गये जन कल्याण के कार्यों को आम जनो तक तेजी पहुंचाना हम सब कार्यकर्त्ताओ की जिम्मेदारी है। इसके लिए अगामी एक जून से 14 जून तक जिला स्तर पर कार्यक्रम किये जायेगे।जिसके तहत हर जिला मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार की आठ वर्षो की उपलब्धियों की पुस्तिका का विमोचन किया जायेगा।

# डॉ स्वाति चंपारण में ग्रामीण परिवारों की सामाजिक स्थिति पर करेंगी शोध

बीएनएम@मोतिहारी

**- सरकार को निति-निर्धारण करने में होगा काफी फायदा**

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में प्रबंधन विज्ञान विभाग की सहायक प्रो. डॉ स्वाति कुमारी को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ स्वाति को पूर्वी चंपारण में 'डिजीटल वित्तीय समावेशन का आकलन एवं ग्रामीण परिवारों की सामाजिक स्थिति पर इसका प्रभाव' विषय पर प्रोजेक्ट मिला है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर शोध की मिली जिम्मेदारी के बाद विवि परिवार में हर्ष व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार, वह उक्त प्रोजेक्ट पर एक वर्ष कार्य करेंगी। यह कार्य मंत्रालय अंतर्गत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की देख-रेख में होगा। प्रोजेक्ट पर कार्य पूरा होने के बाद सरकार को निति-निर्धारण में काफी फायदा मिलेगा। विवि के कुलपति प्रो. आनंद प्रकाश ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर शोध की मिली जिम्मेदारी पर खुशी जाहिर की है। प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष प्रो. पवनेश कुमार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर कार्य से सरकार को निति-निर्धारण में काफी लाभ होगा। प्रबंधन विज्ञान विभाग की प्रो. डॉ अलका लहाल, डॉ सपना सुगंधा, डॉ अरुण कुमार के अलावा प्रो. राजीव कुमार, प्रो. प्राणवीर सिंह, जन संपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सेना बहाली में देरी को लेकर छात्र - नौजवानों ने किया विरोध प्रदर्शन

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। सेना की बहाली में हो रही देरी को लेकर आज शहर के चांदमारी चौक स्थित जे.पी मूर्ति के समीप छात्रो व नौजवानो ने विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अनिकेत रंजन ने कहा कि सरकार को जब नौजवानों की जरुरत होती है तो चुनाव में झंडा उठाने के लिए प्रयोग करते हैं। चुनाव बीतने के बाद नौजवानों की हालत कोई पूछता तक नही। वर्षो से सेना मे भर्ती की तैयारी कर रहे युवक नौकरी की लालसा मे ओवर ऐज हो गये लेकिन सरकार सेना मे बहाली नही कर रही है। रोजगार की तलाश मे नौजवान दर दर भटक रहे है। लेकिन कोई पूछने वाला नही। बेरोजगारो को रोजगार चाहिए, अगर सरकार रोजगार नहीं देगी तो इसी तरह नौजवान सड़क पर उतरने को बाध्य होगे। अनिकेत ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द आर्मी, नेवी व एयरफोर्स में बहाली प्रक्रिया शुरु करे। ताकि इन सभी में जो पद रिक्त हैं उनको जल्द से जल्द भरा जा सके।



# गोपिछपरा पंचायत बनेगा स्मार्ट पंचायत: डीएम



बीएनएम@मोतिहारी

**-स्ट्रीट लाइट, जीम, खेल मैदान सहित तमाम सुविधाओं से लैस होगा गांव**

मोतिहारी। जिले के कोटवा प्रखंड के गोपिछपरा पंचायत में चल रही योजनाओं का निरीक्षण करने पंहुचे डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पंचायत में कई योजनाओं का क्रियान्वयन करने का आदेश दिया। डीएम ने पंचायत में कचरा को रिसाइक्लिंग करने के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा से चल रही योजना पोंड़न की खुदाई को देखकर संतुष्टि जताई। साथ ही कहा कि पंचायत में पूर्णतः हरियाली है अतः पोड़न नहर का विकास किया जा रहा है। अधिकारियों को शिक्षा, कचरा प्रबंध, नल जल सहित तमाम योजनाओं को विकसित करने का आदेश दिया। सोलर स्ट्रीट लाइट के बारे में कहा कि यदि पंचायत में यह लगकर तैयार हो जाता है तो उत्तर बिहार का यह पहला पंचायत होगा।

**निरीक्षण के दौरान बरसात से पहले कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत के बेलवा माधो, बेतिया बसंत, सागर चुरामन में तालाब का सौंदर्यीकरण करने, दौड़ने के लिए ट्रैक बनाने, स्टेडियम बनाने, जीम पॉइंट बनाने, सोलर से स्ट्रीट लाइट लगाने सहित तमाम योजनाओं को अविलंब क्रियान्वयन करने का आदेश दिया। वही स्कूलों में जो प्ले ग्राउंड है उनके विकास एवं अन्य खेलों को बढ़ाने के उद्देश्य से सभी प्रकार खेल के लिए अलग अलग ग्राउंड को विकसित किया जाएगा।**

मौके डीआरडीए निदेशक राकेश कुमार रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, डीपीओ अमित कुमार उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# बाल युवा संसद के आयोजन से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ बढ़ेगी: विजय कुमार सिन्हा



बीएनएम@बेतिया

बेतिया। राष्ट्र मंडल संसदीय संघ, बिहार शाखा के तत्वाधान में बिहार विधान सभा भवन शताब्दी वर्ष एवं भारत अमृत महोत्सव के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिहार विधानसभा केअध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि "बच्चे हमारे कर्णधार और देश के भविष्य हैं। बाल युवा संसद के आयोजन से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी समझ बढ़ेगी और लोकतंत्रीय व्यवस्था में उनका विश्वास भी बढ़ेगा। हमने आजादी के 75 वर्षों में केवल अधिकार की बातें की हैं। समय आ गया है कि हमसब अब अगले 25 वर्षों तक हमें अपने अधिकारों के स्थान पर अपने कर्तव्यों का सम्यक् निर्वहन कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाकर भारत को विश्व गुरु बनायें और और महान संत विवेकानंद की उस भविष्यवाणी को सच साबित करें जिसमें उन्होंने 19वीं सदी में कहा था कि 21वीं सदी भारत का होगा और भारत विश्व गुरु बनेगा। हम देश की नई पीढ़ी को एक मजबूत तथा विकसित राष्ट्र भेंट करें। ऐसा कर ही हम संविधान निर्माताओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।" इससे पहले उन्होंने प्रदेश की उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, सांसद, डॉ संजय जायसवाल, सतीशचंद्र दुबे और सुनील कुमार सहित जिले के अन्य माननीय विधायकों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। सिन्हा ने कहा कि चंपारण का इतिहास हमें गौरवान्वित करता है। यह वही पवित्र भूमि है, जिसके एक साधारण किसान पंडित राज कुमार शुक्ल के असाधारण हठ और प्रयास ने मोहनदास करमचंद गाँधी जी को महात्मा बनाया तथा आजादी के लड़ाई की दिशा बदल दी। यह महर्षि बाल्मीकि की भूमि तथा जगत जननी माता सीता की आश्रयस्थली है।इस पवित्र भूमि को मैं नमन करता हूँ ।बाल युवा संसद के दौरान पश्चिम चंपारण के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे सम्मिलित हुए थे। बाल युवा संसद की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। बच्चों ने बाल युवा संसद के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सवाल पूछे। इस दौरान शून्य काल और ध्यानाकर्षण भी हुआ। बच्चों ने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों पर वाद-विवाद में भागीदारी भी की।

## NEWS IN BRIEF

### माननीय सदस्यों ने किया संबोधन

प्रश्नकाल की समाप्ति के पूर्व विस अध्यक्ष श्री सिन्हा ने जिला के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक-एक बच्चों से उनके क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण कमियों पर प्रश्न पूछने का मौका दिया और सत्ता पक्ष से इसका उत्तर भी पूछकर माहौल को रोचक बनाया। बाल युवा संसद के खत्म होने के पूर्व सभी माननीय सदस्यों ने भी अपना संक्षिप्त संबोधन किया। अंत में बाल युवा संसद में भाग लेने वाले बच्चों को विधानसभा अध्यक्ष श्री सिन्हा ने इससे संबंधित प्रमाणपत्र दिया। उन्होंने कहा कि नशा तमाम अपराधों की जननी है। हमे संकल्प लेना है कि मेरा परिवार नशामुक्त हो ताकि वर्तमान व आने वाली पीढ़ी को नशा से बचाया जा सके। दहेज मुक्त वातावरण बनायें। सरकार द्वारा दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए कानून बनाये गये हैं। बिना दहेज के शादी करने वालों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाय। सबको संकल्पित होना होगा कि हमारा परिवार दहेजमुक्त परिवार है। नशा मुक्त, अपराध मुक्त, बाल श्रम मुक्त, बाल विवाह मुक्त, दहेज मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों को आगे आना होगा। उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण, अनिल कुमार द्वारा महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना एवं घरेलू हिंसा उन्मूलन अभियान, बाल श्रम मुक्त अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, योग एवं आयुर्वेद, जल संचय युक्त अभियान, विरासत युक्त अभियान आदि से संबंधित जिले में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से अध्यक्ष, बिहार विधान सभा सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण को दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक, बेतिया एवं बगहा द्वारा अपराध मुक्त अभियान की दिशा में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया।

## फर्जी अंक पत्र देकर नौकरी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। फर्जी अंक पत्र देकर नौकरी करने वाले शिक्षक जयशंकर चौधरी को गिरफ्तार कर पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। उक्त शिक्षक मध्य विद्यालय माधोपुर मठ में कार्यरत था। फर्जी सर्टिफिकेट देकर नौकरी करने का मामला निगरानी विभाग के डीएसपी द्वारा जांच किया जा रहा था। जहां जांच में पाया गया कि उक्त शिक्षक ने फर्जी मैट्रिक्स का फर्जी अंक पत्र देकर वर्ष 2005 में पंचायत में शिक्षामित्र के रुप में बहाल हुआ था। जो बाद में मध्य विद्यालय में नौकरी करने के प्रखंड शिक्षक बन गया। विभाग के आंख में इतने वर्षो से धुल झोंक कर नौकरी कर रहा था। जिसे पकड़ पुलिस ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि फर्जी शिक्षक माधोपुर सोहैल छपरा का जयशंकर चौधरी है। जो 2005 में फर्जी प्रमाण पत्र बनवा कर बहाल हुआ था। जो जांच में फर्जी पाया गया।

## यूएमएस मुरला में विद्यालय शिक्षा समिति का किया गया गठन

बीएनएम@ रामगढ़वा

रामगढ़वा। प्रखंड के यूएमएस मुरला विद्यालय में शिक्षा समिति का गठन किया गया। चुनाव मुखिया बबलू साह, समिति सदस्य रुपेश ठाकुर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एजाजुल हक की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। विद्यालय शिक्षा समिति का पदेन अध्यक्ष पोषक क्षेत्र के वार्ड सदस्य रिंकू कुमारी को चुना गया। जबकि सचिव पद के लिए तीन महिलाओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इनमें से विद्यालय शिक्षा समिति के लिए चयनित सदस्यों से मतदान कराया गया। और रमिता देवी को सचिव चुना गया। समिति में 12 सदस्यों का चयन किया गया। इसमें प्रधानाध्यापक एजाज उल हक, वरीय शिक्षक पन्नालाल चौधरी, नामांकित छात्र- छात्राओं के अभिभावकों में से उषा देवी, शिव कुमारी देवी, संगीता देवी, कुसमी देवी, सीता देवी,प्राणपति देवी, मीना देवी और नागमती देवी को सदस्य चुना गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने शिक्षा समिति के शांतिपूर्ण व निष्पक्ष गठित होने पर मुखिया सहित उपस्थित अभिभावकों व ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। बताया कि चयनित सचिव का हस्ताक्षर शीघ्र ही बैंक में भेज दिया जाएगा। ताकि विद्यालय विकास को लेकर गठित समिति कार्यरूप में आ सके। शिक्षा समिति का विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इसको लेकर इनके द्वारा नियमित बैठक करने का प्रावधान है।

## आरओबी की भूमि मापी के लिए दिया आवेदन




बीएनएम@बगहा

बगहा। प्रखंड बगहा दो सभागार में राष्ट्रीय पथ 727और भू अर्जन विभाग ने मंगलपुर रेलवे ओवरब्रिज के लिए कागजातों को जमा कराने के लिए शनिवार को कैंप का आयोजन किया था। जिसमें कई भू सवामी कैंप में पहुंचे तो जरूर पर, जमीन का कागजात जमा नहीं किया ।सभी भूमि स्वामियों का आरोप था कि नेशनल हाईवे और भू अर्जन विभाग द्वारा हमारे घरों का पैमाइश नहीं कराया गया है, जो रेलवे ओवरब्रिज के अंतर्गत आ गया है, जिसमें कई लोगों के नया मकान भी निर्मित है। भूस्वामियों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी मोतिहारी को आवेदन देकर इस बात की जानकारी पहले ही दे चुके हैं, उसके बाद भी जमीन की पैमाइश और मकान की पैमाइश विभाग द्वारा नहीं कराई गई है। जिसके कारण प्रभावित अपने जमीनी कागजातों को जमा नहीं करा रहे हैं। वहीं नेशनल हाईवे और भू अर्जन विभाग द्वारा शनिवार को कैंप लगाया गया था। जिसमें एक आवेदन अपने जमीन के कागजात को सुधार के लिए जमा कराया और इससे पूर्व दो भूस्वामियों ने जमीन के कागजात जांच के लिए जमा किये हैं। इस कैंप में नेशनल हाईवे विभाग के इसक्यूटीव इंजीनियर, जेई एसडीओ और भू अर्जन विभाग के अनवर अमीन, लिपिक अनेस, लिपिक प्रदीप आदि मौजूद थे। भू अर्जन विभाग द्वारा बताया गया कि भारत नेपाल सड़क परियोजना के अंतर्गत 9 कागजात कैंप के माध्यम से जमा कराया गया है। नेशनल हाईवे पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलपुर रेलवे ओवर ब्रिज भूमि अधिग्रहण के लिए कागजातों की जांच के लिए कैंप लगाया गया था । जिसमें लोगों को जमीन के एलपीसी, आधार, जमीन के मालिकाना हक के आधार पर जांच के बाद खाते में भूमि अधिग्रहण नियम के तहत राशि भेजी जाएगी। लेकिन अब तक कुछ ही भूमि दाताओं ने अपने कागजातों को जमा कराया है। सभी भूमि दाताओं का आरोप है कि भूमि व घर की पैमाइश पहले हो, उसके बाद ही हम अपने कागजातों को जमा करायेंगे।

## नाला में गिर रहा मिठाई कारखाना का मालवा, सड़ांध से जीना दुष्वार

बीएनएम@

बेतिया। नगर के सभी मुख्य नालों को युद्ध स्तर पर सफाई करायी जा रही है। ज्ञात हो कि कुछ घंटा के बारिश में ही शहर बरसात के दिनों में पानी से जलमग्न हो जाता है।जो सप्ताह भर लगा रहता है। जल जमाव होने के कारण डेंगू मलेरिया या अन्य बीमारियां उत्पन्न होती है। इसी को देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा प्रशासन के मदद से पूरे शहर के मुख्य नालों को सफाई करवा जा रहा है। जिससे शहर में पानी नहीं लग सके। लेकिन शहर में कुछ ऐसे जगह है जहां मिठाई का कारखाना चलता है। और उस कारखाने से जो मालवा निकलता है।वो सीधे जाकर नाला में गिरया जाता है। जो नाला में गिरने के कारण कारखाना का मालवा सड़ने लगता है। और उससे से बदबू आने लगती हैं जिससे आसपास के लोगों को रहना मुस्किल हो जाता है। इसी को देखते हुए नगर आयुक्त लक्षमण प्रसाद ने आलोक भारती रोड स्थित नालों की सफाई करने गए तो वहां देखा कि कारखाना का जितना भी मालवा है। सीधे जाकर नाला में गिर रहा है।



# मोहम्मद गोरी ने लूट के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर को पहुंचाया था बड़ा नुकसान



बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में न्यायालय के निर्देश पर कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार से ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कमीशन (सर्वे)की कार्यवाही शुरु होने के बाद मस्जिद देश दुनियां में सुर्खियों में है। लोग ज्ञानवापी परिसर के बंद तहखानों में छुंपे राज का सच जानने के लिए बैचेन है। सोशल मीडिया में मस्जिद और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के वर्षो पुराने फोटो भी वायरल हो रहे है। फोटो के जरिये लोग मंदिर के पुराने वैभव को भी साझा कर रहे है। ज्ञानवापी को लेकर इतिहासकारों और पक्षकारों के दस्तावेजों व तस्वीरों की भी सोशल मीडिया में चर्चा बनी हुई है। लेकिन, खास बात यह है कि सभी लोगों का मानना है कि मुगल बादशाह औरंगजेब के आदेश पर मंदिर को तोड़कर ये ज्ञानवापी मस्जिद बनाई गई। लोग 18 अप्रैल 1669 को औरंगजेब के मंदिर तोड़ने का फरमान का हवाला दे रहे है। एक इतिहासकार डॉ एएस भट्ट ने अपनी पुस्तक 'दान हारावली' में भी इसका उल्लेख किया है। मुस्लिम लेखक साकी मुस्तइद ने अपनी पुस्तक 'मासीदे आलमगिरी' में विश्वनाथ मंदिर के विध्वंस का जिक्र किया है। काशी के इतिहास पर स्वतंत्र तौर पर शोध कर रहे बनारस बार के पूर्व महामंत्री अधिवक्ता नित्यानंद राय बताते है कि औरंगजेब के काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त करने का फरमान आज भी एशियाटिक लाइब्रेरी, कोलकाता में आज भी सुरक्षित है। इतिहास में लिखे तथ्यों को रख नित्यानंद राय बताते है कि 1669 में औरंगजेब ने आक्रमण कर इस मंदिर को बड़ी क्षति पहुंचाई थी। इसके बाद 1777 में इंदौर की रानी अहिल्या बाई ने विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्वार करवाया था। महाभारत काल से भी पहले इस मंदिर के होने का धर्मग्रन्थों में उल्लेख है। काशी विश्वनाथ मंदिर पर हमले का जिक्र 11 से 15वीं सदी के कालखंड में भी है। दिल्ली सल्तनत के तुग़लक़ वंश के सुल्तान फ़िरोजशाह तुगलक के काल में भी मंदिर पर हमले की बात होती है। इतिहास में लिखा गया है फ़िरोज शाह कट्टर सुन्नी धर्मान्ध मुस्लिम था। फ़िरोजशाह तुगलक के शासनकाल (1351-1388) में कई मंदिरों को जबरन तोड़ कर मस्जिद बना दिया था। फ़िरोजशाह तुगलक ने अपने संस्मरण में लिखा है कि वह सुन्नी समुदाय का धर्मान्तरण को सहन नहीं करता था, न ही उसे वह प्रयास सहन थे। जिसमें हिन्दू अपने ध्वस्त मंदिरों को पुनः बनाये।

## NEWS IN BRIEF

### जल्द पूरा होगा लखनऊ रिंग रोड का निर्माण कार्य : राजनाथ सिंह

लखनऊ। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ पहुंच चुके हैं। चौधरी चरण सिंह अमौसी एअरपोर्ट पहुंचने पर लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने राजनाथ सिंह का स्वागत किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने "नमस्ते लखनऊ" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लखनऊ का रिंग रोड हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब तक काम पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके लिए मैंने अधिकारियों से बात की है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रिंग रोड के लिए मैं सर्वाधिक चिंतित रहता हूं। अब तक 65 किलोमीटर रिंग रोड बन गयी है, शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा। रक्षामंत्री ने कहा कि जब से लखनऊ की जनता ने मुझे सांसद के रुप में जिम्मेदारी सौंपी है तब से मैं लखनऊ के विकास के लिए प्रयासरत हूं। "नमस्ते लखनऊ" संवाद कार्यक्रम निराला नगर के होटल रेगनेंट में प्रबुद्ध वर्ग फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था।

### अमृत सरोवर बनाने के लिए तालाब में विधायक ने चलाए फावड़े

हमीरपुर। मौदहा विकास खंड क्षेत्र में सरकार की बेहद महत्वपूर्ण योजना अमृत सरोवर निर्माण कर शुद्ध पानी बनाए रखने व रिचार्जिंग सहित सुंदरीकरण कर स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण करना है। विकास खंड क्षेत्र के परेहटा गांव पंचायत में आज सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद ने महिला गांव प्रधान प्रियंका व उस के प्रतिनिधि कामता प्रसाद की मौजूदगी में भूमि पूजन करने के साथ ही तालाब में फावड़ा चलाकर इसका विधिवत उद्घाटन किया।

## मथुरा एसएसपी 36 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

बीएनएम@मथुरा


मथुरा। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शनिवार 36 दरोगा के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। एसएसपी ने शनिवार को उपनिरीक्षक प्रवीण तेवतिया को चौकी प्रभारी बालाजीपुरम थाना हाईवे से चौकी प्रभारी गोपाल बाग कोसी, उप निरीक्षक शिव वीर सिंह को गोपाल बाग कोसी से बालाजी पुरम थाना हाईवे, जबकि एसएसआई जमुनापार ओमवीर सिंह को कस्बा चौकी प्रभारी मांट, सुधीर कुमार को जमुना पार से गंठौली गोवर्धन, दिलीप कुमार गंठौली गोवर्धन से बाजना नौहझील, प्रवेश कुमार को कस्वा नौहझील से नानकपुर चौकी, प्रबल प्रताप को नानकपुर से पुलिस लाइन, नीरज भाटी को के डी मेडिकल कॉलेज चौकी से राधापुरम स्टेट हाई व धर्मेंद्र कुमार को राधापुरम स्टेट से वृंदावन गेट गोविंद नगर भेज दिया है। जबकि 27 दरोगाओं को एक थाना से दूसरे थाना भेज दिया।

## गोवर्धन थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक सहित पांच पुलिसकर्मी निलंबित

बीएनएम@मथुरा

मथुरा। दो दिन पहले शिकायत मिलने पर एसएसपी ने बरसाना थाना प्रभारी को निलंबित किया था। रिश्वत लेकर सटोरिये को छोड़ने और फिर उस पर कार्यवाही करने के मामले की हुई शिकायत के बाद बैठी जांच में दोषी पाए जाने पर शनिवार एसएसपी ने गोवर्धन के थाना प्रभारी सहित एक उपनिरीक्षक और तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब हो कि, गोवर्धन थाना व कस्बा के दानघाटी मंदिर के समीप मयंक भट्ट पुत्र प्रदीप कुमार जूता चप्पल की दुकान करता है। 8 मई की शाम को थाना पुलिस उसकी दुकान पर पहुंची और उसको उठा कर थाने ले गई। बताया गया की उसको राधाकुंड रोड पर गौडिया मठ के पास सट्टे की खाई बाड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। परिजन मयंक को छुडवाने में जुट गए। आरोप है कि देर रात उसको सट्टे का मुकदमा लिख कर लेनदेन कर थाने से ही जमानत दे दी गई। इस बात की चर्चा भी कस्बे में फेल गई। घटना से आहत पीड़ित मयंक ने 11 मई को मथुरा पहुंच कर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर से गोवर्धन थाना पुलिस की कारगुजारी की लिखित शिकायत की। एसएसपी ने गोपनीय तरीके से अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद को इसकी जांच सौंपी। इसके साथ ही एसएसपी ने सभी के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दे दिए। कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

## लखनऊ: घर के कामों में मदद करेगा रोबोट



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। इन्स्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज और एक्सीलिया स्कूल के सहयोग से शनिवार को एक सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें शहर के वाले प्रंकित गुप्ता ने एक ऐसा रोबोट तैयार किया है, जो खाना बनाने सहित अन्य कामों में लोगों की मदद करेगा। प्रंकित ने ऑनलाइन सेमिनार में अपने इस रोबोट के बारे में अहम जानकारी साझा की है। वर्चुअल रोबोटिक्स सेमिनार में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेस्ट, इंग्लैंड के रोबोटिक्स विषय के प्रवक्ता प्रंकित गुप्ता ने बताया की, कि कैसे हम रोबोट की सहायता से शारीरिक रुप से कमजोर होने के बावजूद अपने जीवन को खुशहाल बना सकते है। उन्होंने मशीन लर्निंग और डेटा साइंस विषय पर यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंड में अपने शोध में यह तकनीक विकसित की है। सेमिनार मे प्रंकित गुप्ता ने बताया की उन्होने प्रो. प्रमिंडा कालेब-सोली के दिशा निर्देशन में मशीन लर्निंग और डेटा साइंस तकनीक विकसित की। जिसके तहत घर को विभिन्न प्रकार के सेंसर के साथ इंटरनेट ऑफ थिंग्स के रुप में एकीकृत किया जाता है। ऐसी सहायक रोबोटिक्स तकनीक का लक्ष्य अंततः लोगों को खाना पकाने जैसी घरेलू गतिविधियों को स्वतंत्र रुप से करने में सक्षम बनाना है। सेमिनार का संचालन विद्यालय के निदेशक आशीष पाठक और संयोजन संगीता सिंह ने किया। सेमिनार में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में शिवार्थ सिंह, आराध्या, कुशल, मानसीमृत सिंह, रुचि, श्रीति यादव, अवनीश, हर्षित, गौरव यादव, श्रुति मिश्रा, अक्श सहित अन्य भी शामिल थे। उन लोगों ने प्रंकित से अपने सवाल भी पूछे जिसका उन्हें संतोषजनक जवाब भी मिला। अंत में इंस्टीट्यूट के निदेशक मयंक रंजन धन्यवाद ज्ञापित किया। विदित हो कि प्रंकित गुप्ता लखनऊ के मेयर रहे डॉक्टर दाऊजी गुप्ता के पौत्र है। प्रंकित के शोध का मुख्य फोकस ऐसी तकनीक विकसित करने पर था, जो सीखने की अक्षमता वाले लोगों को उनके घरों में भोजन तैयार करने की गतिविधियों के साथ सहायता कर सके।

## मेनका गांधी ने लाखों की विकास योजनाओं की दी सौगात

बीएनएम@सुलतानपुर

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व जिले की सांसद मेनका संजय गांधी शनिवार को मोतिगरपुर ब्लॉक में 26 लाख रुपए की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित एक सड़क मार्ग ब्लॉक कार्यालय गेट एवं अभिलेखागार कार्यालय का लोकार्पण किया। श्रीमती गांधी ने हमजाबाद, दियरा, महमूदपुर जंगल, बाघसराय, श्रीरामपुर लमौली गांव जन चौपाल के माध्यम से जन समस्याओं का राजस्व अधिकारियों व पुलिस के माध्यम से निस्तारण भी किया। श्रीमती गांधी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा एक मार्च 2020 के बाद किन्ही कारणों से माता या पिता की आकस्मिक मौत के शिकार हुए लोगो के बच्चों को ढाई हजार रुपए की छात्रवृत्ति की योजना की सराहना की है ऐसे लाभार्थी बच्चों के सत्यापन के लिए उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। बताया गया कि पिछले 50 वर्षों से लंबित बाघसराय का हॉस्पिटल अब रायबीगो में निर्मित किया जाएगा।



# हिन्दुत्व के सुर्खियों में होने के निहितार्थ

हिन्दू और हिन्दुत्व लम्बे समय से चर्चा में है। भारत में ईसाई एवं मुसलमान आबादी को छोड़कर बाकी सब लोग वैदिक धर्म का पालन करते हैं। इस परम्परा में धर्म पालन की बाध्यता नहीं है। हिन्दू परिपूर्ण लोकतांत्रिक एक जीवनशैली है। डॉ. रामधारी सिंह 'दिनकर' ने संस्कृति के चार अध्याय (103) में लिखा है- 'असल में भारतवर्ष हिन्दुओं का ही देश है और इस देश की संस्कृति अपनी व्यापक विशिष्टताओं के साथ हिन्दू संस्कृति ही समझी जाती है। भारतीय संस्कृति की विशिष्टता उसे विश्व की अन्य संस्कृतियों से विभक्त करती है। वह केवल हिन्दुओं में ही नहीं है बल्कि उनका पूरा प्रभाव भारतवासियों, मुसलमानों और ईसाइयों पर भी है। भारतीय संस्कृति एक है। कई संस्कृतियों का जोड़ नहीं है।' उन्होंने लिखा है- 'बहुधा लोग हिन्दू संस्कृति को वैदिक संस्कृति का पर्याय मान लेते है, जो बहुत अंशों में ठीक है। वैदिक संस्कृति का विकास ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले का है। यह संस्कृति वैदिक काल से लेकर उत्तर वैदिक काल और रामायण, महाभारत तक प्रवाहमान है। उत्तर वैदिक काल में वैदिक दर्शन का विकास स्पष्ट दिखाई पड़ता है। वेद मंत्रों का अर्थ समझने और विनियोग करने की दृष्टि से ब्राह्मण ग्रंथ लिखे गए। इसी समय थोड़ा आगे पीछे उपनिषद् दर्शन का विकास हुआ।' राष्ट्र के संबंध में हिन्दू शब्द का प्रयोग इस्लाम के जन्म से दो-ढाई हजार वर्ष पुराना है। ईरानी लोग 'स' का उच्चारण 'ह' करते थे। इसीलिए उन्होंने सिन्धु को हिन्दू कहा। इसी प्रवाह से हिन्दू और हिन्दुस्तान शब्द विकसित हुए। इसी तरह यूनानियों की बातचीत में 'ह' के बदले 'अ' निकलता है। उन्होंने हिन्दू को इंडो कहना शुरु किया। इससे इंडिया नाम का विकास हुआ। डॉ. दिनकर याद दिलाते हैं- 'भारत के बाहर के लोग भारत अथवा भारतवासियों को हिन्दू या इंडो कहते थे। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख अवेस्ता में मिलता है। भारत वर्ष को हिन्दुस्तान और भारतवासियों को हिन्दू कहना इतिहास और भूगोल दोनों ही दृष्टियों से युक्त संगत है। इस देश की संस्कृति वैदिक संस्कृति है।

# समाज के सीसीटीवी में भेदभाव की धुंध

**डॉ. रीना रवि मालपानी**



जीवन सदैव नियति के विधान से चलता है पर समाज के सीसीटीवी के अनोखे विश्लेषण है। यह मानता है कि बेटी विवाह के बाद माता-पिता के घर नहीं रुक सकती। माता-पिता को रखना केवल बेटों की जिम्मेदारी है। लड़की की कमाई से माता-पिता का जीवनयापन करना ठीक नहीं। आप किसी अनाथ को गोद लेकर उसका लालन-पालन करोगे तो वह खून के रिश्ते की तरह वफादार नहीं होगा। ऐसे अनेकों प्रश्न हैं जिन पर समाज सदैव अपना सीसीटीवी लगाए रखता है। विश्लेषण और मूल्यांकन समाज करता है। मगर अपेक्षित सहयोग समाज नहीं करता। समाज के सीसीटीवी में बहू की कमाई से घर चलाना ठीक नहीं है। कन्या संतति से वंश का आगे उद्धार नहीं हो सकता। यदि आपने परिस्थिति या मन के अनुरूप निर्णय लिए हैं तो वहां उनका अतिरिक्त मूल्यांकन होने लगता है। कई माता-पिता को समाज के इस सीसीटीवी के डर से बेटी का विवाह शीघ्र करना होता है। फिर भले ही उसकी क्षमताओं को मारा जाए। वह घर उसके अनुरूप उचित हो या न हो। बाद में वह लड़की भले ही घुट-घुट कर अपना दम तोड़ती रहे। कई बार अपनों और रिश्तेदारों के कहने में आकर खर्च करते-करते हम स्वयं पूरी तरह रंक बन जाते हैं और दुख की अवस्था में हमारा कोई सहयोगी नहीं होता। यदि कोई भी स्त्री भक्ति का मार्ग चुन ले और वह अपना अत्यधिक समय ईश भक्ति में लगा दे तो यही समाज उस पर उंगली उठाने लगेगा। इस समाज की घटिया सोच के कारण ही स्त्री शादी के बाद मायके में स्वयं को बोझ समझने लगती है। क्यों समाज की सोच जीवन में उलझनों को जन्म देती है और सुलझने का मार्ग क्यों नहीं सुझाती। समाज के दिखावे के चलते लोग महंगी-महंगी पार्टी करते हैं। शादी, बर्थडे पार्टी और सेलिब्रेशन में अनाप-शनाप रुपया खर्च किया जाता है। यह रुपया हम समाज में लोगों के इलाज, शिक्षा और उनके दुख को कम करने में नहीं लगाते। यह समाज दोहरा चरित्र निभाता है। कुछ समय झूठी तारीफ कर पुनः मीन-मेख निकालने लग जाता है। इस समाज के सीसीटीवी में आदर्श बेटे-बहू की संकल्पना है पर उन आदर्शों के साथ गृहस्थी का बोझ भी ढोना है। अत्यधिक अच्छाई की कीमत कभी-कभी आत्महत्या, घुटन, संत्रास, उत्पीड़न, अवसाद और खुद को रंक बनाकर भी अदा की जाती है। यह समाज आपके विवाह न करने, देरी से विवाह करने, प्रेम विवाह करने यानी हर स्थिति पर आपसे स्पष्टीकरण चाहता है। वह आपके परिस्थिति अनुरूप स्वतंत्र निर्णय का समर्थन नहीं करेगा पर कैमरे की चौकसी जरूर बढ़ाएगा। और उल्टे-सीधे विश्लेषण से सत्य से गुमराह करने में सहयोगी बनेगा। क्यों हमारा समाज लोगों के अतिरिक्त मूल्यांकन के पहले उनकी यथार्थ स्थिति को समझने का प्रयत्न नहीं करता। क्यों उनके उन्नति के सोपानों में सहयोगी नहीं होता। समय के अनुरूप निर्णय का भी स्वागत होना चाहिए। जीवन सदैव वैसा नहीं होता जैसा आप अपने सीसीटीवी में देखते है। हर व्यक्ति की अपनी परिस्थितियां, अपने भविष्य के लिए विचार या अपने स्वतंत्र निर्णय हो सकते हैं। समाज को समृद्धि, खुशहाली और सकारात्मक सोच में सहयोगी होना चाहिए, क्योंकि आप भी इसी समाज का अंग हैं। परिवर्तन संसार का नियम है, जिस कसौटी पर आज आप लोगों को तौल रहे हैं कल शायद उस तराजू में आपको भी खड़ा होना हो सकता है। समाज के सीसीटीवी से बुराई, आलोचना, नकारात्मकता और अतिरिक्त मूल्यांकन की धुंध समाप्त होनी चाहिए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

# आत्मनिर्भर भारत का आयुष अभियान



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

केंद्र सरकार ने आयुष को व्यापक आधार पर प्रोत्साहित किया है। आयुर्वेद दुनिया के लिए भारत की धरोहर है। इसके साथ ही अन्य चिकित्सा पद्धतियों की भी आवश्यकता रहती है। भारत में इन सबके समन्वय के साथ जन सामान्य को चिकित्सा का लाभ मिल सकता है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस तथ्य को समझा है। उसी के अनुरुप अभियान शुरु किया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में जनसंख्या के अनुरुप चिकित्सकों की बहुत कमी रही है। इसके लिए आजादी के बाद ही विशेष कार्ययोजना की आवश्यकता थी। मगर इस पर वर्तमान केंद्र सरकार ने ध्यान देकर इस कमी को दूर करने पर ध्यान दिया। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। अनेक राज्यों ने केंद्र के साथ बेहतर समन्वय किया। उन्होंने विगत कुछ वर्षों में बेहतर कार्य किया है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सरकारों पर स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि देश में चिकित्सकों की कमी से सभी परिचित थे। लेकिन इस समस्या पर पूर्ववर्ती सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। जबकि भविष्य उन समाजों का होगा जो स्वास्थ्य सेवा में निवेश करते हैं। इसके अंतर्गत नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आयुष के क्षेत्र में निवेश और इनोवेशन की संभावनाएं असीमित हैं और भारत में स्टार्टअप का स्वर्ण युग शुरु हो चुका है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में चार हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुये ग्यारह नए मेडिकल कॉलेजों का लोकर्पण किया था। इससे साफ है कि कोरोना महामारी से सबक लेते हुए सभी देशवासियों को समावेशी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के रुप में गरीबों के पास उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। देश में घुटना प्रत्यारोपण और स्टेंट की लागत पहले के मुकाबले एक तिहाई हो गई है। मेडिकल शिक्षा के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। सात वर्ष पहले 396 मेडिकल कॉलेज थे। पिछले सात वर्षों में ही यह संख्या बढ़कर करीब 600 हो गई है। यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। सात वर्ष फ्लड लगभग 82 हजार मेडिकल अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटें थीं। पिछले सात सालों में यह संख्या बढ़कर करीब एक लाख 48 हजार सीटों पर पहुंच गई है। यह करीब 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। सात वर्ष पहले देश में सिर्फ सात एम्स थे। अब स्वीकृत एम्स की संख्या 22 हो गई है। चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न सुधार किए गए हैं। भारत को गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा की दिशा में बढ़ रहा है। इसी प्रकार नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में एक साथ नौ जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया था। इस कार्यक्रम का आयोजन सिद्धार्थ नगर में किया गया था। यह उत्तर प्रदेश के लिए राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर था। चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में मेडिकल कॉलेज निर्माण की योजना संचालित है। इस योजना को कोरोना कालखंड में भी तेजी से क्रियान्वित किया गया। इस कारण नौ जनपदों में मेडिकल कॉलेजों के निर्माण संभव हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच वर्ष में 33 मेडिकल कॉलेज निर्माण का कीर्तिमान बनाया है। गांधीनगर आयुष शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनाम घेब्रेसस भी सहभागी थे। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन देश के प्रमुख नीति निर्माताओं,उद्यमियों, निवेशकों,स्टार्टअप और अन्य राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय हितधारकों को नवाचार पर विचार किया गया। भारत को उद्यमिता के लिए वैश्विक जीवनदायिनी बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया गया।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन नः-06252-296796, प्रसारः-9470050309
ईमेलः- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# मुंडकाः हादसे के बाद 29 लोगों का अतापता नहीं, परिजन अब भी काट रहे हैं चक्कर



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में तीन मंजिला इमारत में आग लगने की घटना के बाद परेशान परिजन अपने लोगों की तलाश में शुक्रवार रात से ही कभी अस्पताल तो कभी थाने और कभी घटनास्थल के चक्कर काट रहे हैं। यह सिलसिला शनिवार सुबह भी जारी रहा। घटना में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी टीमों को अंदर कुछ लोगों के अवशेष मिले हैं। इससे माना जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़कर 30 से 35 तक पहुंच सकती है। घटना के बाद तक 29 लोगों की गुमशुदगी की रिपोर्ट मिली है, जिनमें 24 महिलाएं और पांच पुरुष हैं। मृतकों की पहचान के लिए पुलिस ने उनकी डीएनए जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। शनिवार सुबह घटना स्थल पर एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। संजीव गुप्ता की अगुवाई में फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य एवं अवशेष को इकट्ठा कर रहे है।

**गुमशुदा लोगों की सूची** सोनी कुमारी (35 वर्ष, महिला) पत्नी मनोज ठाकुर, तानिया (27 वर्ष, महिला) पुत्री चंद्र भूषण, नरेंद्र (26 वर्ष, पुरुष) पुत्र कन्हैया लाल, मोहिनी (38 वर्ष, महिला) पत्नी विजय पाल, पूजा (19 वर्ष, महिला) पुत्री राजेश, भारती देवी (42 वर्ष, महिला) पत्नी चमन, गीता देवी (42 वर्ष, महिला) पत्नी उपेंद्र सिंह, कैलाश जानी (55 वर्ष, पुरुष) पुत्र बहादुर सिंह, अमित जानी (34 वर्ष, पुरुष) पुत्र कैलाश जानी, मधु देवी (29 वर्ष, महिला) पत्नी अमित कुमार, मोनिका (21 वर्ष, महिला) पुत्री विजय बहादुर, यशोदा देवी (35 वर्ष, महिला) पत्नी विश्वजीत, मुस्कान (22 वर्ष, महिला) पुत्री इस्लामुद्दीन, स्वीटी (32 वर्ष, महिला) पत्नी मनोज कुमार, प्रवीन (33 वर्ष, पुरुष) पुत्र आशाराम, पूजा (19 वर्ष, महिला) बहन मोनी, मोहिनी (40 वर्ष, महिला) मां पीयूष, भारती नेगी (45 वर्ष, महिला) बहन वीरेंद्र नेगी, रंजू देवी (32 वर्ष, महिला) देवर राजकुमार, यशोदा देवी (34 वर्ष, महिला) पड़ोसी रवि कुमार, मधु (21 वर्ष, महिला) पुत्री राकेश, पूनम (19 वर्ष, महिला) पुत्री महिपाल, प्रीति (24 वर्ष, महिला) पुत्री महिपाल, निशा कुमारी (18 वर्ष, महिला) चाचा सुमन, विशाल (24 वर्ष, पुरुष) पुत्र मिथलेश, मधु (24 वर्ष, महिला) चाचा अकन, गीता चौहान (45 वर्ष, महिला) पत्नी रामभवन, सोनम (20 वर्ष, महिला) भाई अनुराग और आशा (30 वर्ष, महिला) भाई वीरपाल है।

## NEWS IN BRIEF

### मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किया घटनास्थल का दौरा

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में बीती शाम तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई ,जबकि 12 लोग घायल हो गए। शनिवार पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने घटनास्थल का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दिए। इसके साथ दिल्ली सरकार ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शाम मुंडका मेट्रो स्टेशन के समीप एक तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई ,जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रीन कारिडोर बनाकर संजय गांधी अस्पताल भेजा गया। दमकल की 30 गाड़ियों ने तड़के 3:38 बजे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। डीसीपी समीर के अनुसार, इस घटना में 29 लोगों की गुमशुदशी की रिपोर्ट थाने में आई है। इनमें 24 महिलाएं व पांच पुरुष शामिल हैं।

### आप नेताओं ने जताया दुख

घटना पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि मुंडका में आग की दुर्घटना बहुत दुखद है। दिल्ली सरकार इस हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार के दुख में उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने इस अग्निकांड में झुलसे लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मुंडका में आग लगने की दु:खद घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं।

# जहाजरानी मंत्रालय ने किया टास्क फोर्स का गठन

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में तेजी से बढ़ते क्रूज पर्यटन में बढ़ोतरी को देखते हुए केन्द्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने एक टास्क फोर्स का गठन किया है । पर्यटन मंत्रालय के सचिव और जहाजरानी मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की मदद करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय सलाहकारों की समिति का भी गठन किया जाएगा। मुंबई में पहले अतुल्य भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन 2022 का उद्घाटन समारोह में केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि भारतीय क्रूज बाजार में अगले दशक में 10 गुना बढ़ने की क्षमता है। भारत एक शानदार क्रूज गंतव्य है। देश में 7,500 किलोमीटर लंबी समुद्री किनारों पर कई आकर्षण अभी दुनिया के सामने नहीं आए हैं।

# देश के सभी संग्रहालयों में 16 से 20 मई तक प्रवेश निशुल्क

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश के सभी संग्रहालयों में लोग 16 मई से 20 मई तक निशुल्क प्रवेश कर सकेंगे। 18 मई को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर संस्कृति मंत्रालय ने 16 मई से 20 मई तक सभी संग्रहालयों में कई तरह के आयोजन करने का फैसला लिया है। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 18 मई को आगामी अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस (आईएमडी) के अवसर पर राष्ट्रीय संग्रहालय (नई दिल्ली), राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु), इलाहाबाद संग्रहालय (प्रयागराज), भारतीय संग्रहालय (कोलकाता), विक्टोरिया मेमोरियल हॉल (कोलकाता), सालार जंग संग्रहालय (हैदराबाद) और साइंस सिटी और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (भारत भर में 24 स्थानों पर) के अंतर्गत आने वाले केंद्र इस पूरे सप्ताह में विशेष पहल कर रहे हैं। इंडियन म्यूजियम सबसे पुराने संग्रहालयों में से एक देश में इंडियन म्यूजियम, कोलकाता की गिनती सबसे पुराने संग्रहालयों में होती है। इसकी स्थापना वर्ष 1814 में हुई थी। दुनियाभर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस को मनाने की प्रथा इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजियम ने शुरु की। सबसे पहले इस दिन को साल 1977 में मनाया गया। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजिम द्वारा हर साल अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस को मनाने के लिए एक थीम रखी जाती है।

# राज्य के बजट के लिए प्रतिनिधि समूहों से लिए गए सुझाव

बीएनएम@

नैनीताल। मुख्यालय स्थित नैनीताल क्लब में शनिवार को प्रदेश के वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल की पहल पर कुमाऊं मंडल के प्रतिनिधि समूहों से 2022-23 के बजट के लिए सुझाव लिए गए। 'प्री बजट स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन' के तहत शनिवार शाम को नैनीताल क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में मेयरों व नगर निकाय अध्यक्षों, किसानों, होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन, टूर ऑपरेटर एसोसिएशन, ट्रेड एसोसिएशन, सिडकुल एसोसिएशन, डेयरी फेडरेशन, चार्टड अकाउंटेंट आदि ने बजट से अपनी अपेक्षाओं से अवगत कराया। बैठक में मेयरों ने नगर निकायों को राज्य वित्त आयोग व केंद्रीय वित्त आयोग से 50 से सौ करोड़ तक वार्षिक अनुदान देने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्षों ने भी अतिरिक्त अनुदान मांगा। किसानों ने जंगली जानवरों के आतंक, जड़ी बूटी के विपणन समस्या का मामला उठाने के साथ ही बीमा योजनाओं में सरलीकरण किए जाने एवं उद्यान विभाग का बजट बढ़ाए जाने की मांग रखी।




# राष्ट्रपति कोविन्द राजकीय यात्रा पर रवाना



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द शनिवार को जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) के एक सप्ताह के दौरे पर रवाना हो गये। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की दोनों देशों की पहली राजकीय यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति 15 से 18 मई तक जमैका में रहेंगे। यात्रा के दौरान वह अपने समकक्ष जमैका के गवर्नर जनरल पैट्रिक एलन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। वह प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे। वह जमैका की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। जमैका और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। जमैका भी गिरमिटिया देशों में से एक है। यहां 70 हजार भारतीय प्रवासी बसते हैं। इस वर्ष भारत और जमैका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ है। भारत और जमैका क्रमशः अपनी स्वतंत्रता की 75वीं और 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

**राष्ट्रपति 18-21 मई तक सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) की राजकीय यात्रा भी करेंगे। यात्रा के दौरान वह अपने समकक्ष गवर्नर जनरल सुसान डौगन से बातचीत करेंगे। वह प्रधानमंत्री डॉ. राल्फ ई. गोंसाल्वेस के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति वहां विधान सदन को भी संबोधित करेंगे।**

भारत और एसवीजी दोनों 2021 में यूएनएससी के अस्थायी सदस्य थे और इस अवधि के दौरान दोनों के बीच अच्छा सहयोग रहा। जमैका और एसवीजी कैरेबियन समुदाय (कैरिकॉम) के सक्रिय सदस्य हैं। इन देशों की पहली राष्ट्राध्यक्ष यात्रा कैरेबियन क्षेत्र के देशों के साथ भारत के उच्च-स्तरीय मेल-मिलाप की निरंतरता दर्शाता है। भारत छोटे विकासशील द्वीपीय देशों के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरता रहा है।

Sunday
15 May 2022

BNM Fantasy



# भोजपुरी फिल्म 'पंख' की शूटिंग 18 मई से

फिल्म से जुड़ी एक और दिलचस्प खबर सामने आई है, जिसमें फिल्म के सभी मुख्य कलाकारों के नाम सामने आ गए हैं। फिल्म में इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता संजय पांडेय, रोहित सिंह मटरू, श्वेता महारा,आयशा कश्यप, माही श्रीवास्तव और विनोद मिश्रा हैं। फिल्म से इन सभी के जुड़ने से एक बात तो जाहिर हो गई है कि फ़िल्म का ग्राफ बहुत ऊपर जाने वाला है। फिल्म के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसके सह निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव हैं, जबकि निर्देशन की कमान निर्देशक पराग पाटिल ने संभाल रखी है। अगर फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें कई महिला एक्ट्रेस काम कर रही हैं।

---

# द

*आर्चीज' के साथ डेब्यू कर रही हैं सुहाना खान*

ज़ोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ सुहाना खान फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। शनिवार को इस फिल्म का पोस्टर और टीजर मेकर्स ने जारी कर दिया है। इस फिल्म में सुहाना के साथ अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर भी अपना डेब्यू कर रही है। हर कोई सोशल मीडिया के जरिये इन तीनों स्टारकिड्स को शुभकामनाएं दे रहा है। वहीं शाहरुख खान ने भी बेटी सुहाना का हौसला बढ़ाते हुए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। शाहरुख खान ने अपनी बेटी की डेब्यू फिल्म 'द आर्चीज' की टीम को बधाई देते हुए लिखा-आर्चीज़ डाइजेस्ट को बुक रेंटल स्टोर्स से 25 पैसे प्रति दिन किराए पर लेने से लेकर जोया अख्तर को उसे स्क्रीन पर जीवंत करते देखना.. अविश्वसनीय है। सभी कलाकारों को शुभकामनाएं क्योंकि वे सबसे खूबसूरत प्रोफेशन में अपना पहला छोटा कदम बढ़ा रहे हैं।" इसके अलावा शाहरुख ने अपनी बेटी सुहाना को डेब्यू पर एक खास मैसेज देते हुए पोस्ट लिखा- "ये बात याद रखना सुहाना कि तुम कभी परफेक्ट नहीं हो सकती, लेकिन खुद के प्रति सच्चा होना परफेक्ट होने के सबसे करीब है। एक कलाकार के तौर पर विनम्र और दयालू बनना.. आलोचना और तालियां हमेशा साथ रखने के लिए नहीं हैं। लोगों के दिलों तक पहुंचने की यह सड़क अंतहीन है.. जितना ज्यादा हो सके, लोगों की चेहरों पर मुस्कान लाना...।"



---

# तेजाब' ने 'धक-धक' गर्ल को बना दिया हर दिल की धड़कन

***बर्थडे स्पेशल 15 मई:***



अपनी मनमोहक मुस्कान से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाली खूबसूरत अदाकारा माधुरी दीक्षित का जन्म 15 मई, 1967 को महाराष्ट्र में हुआ था। 80 और 90 के दशक में रुपहले पर्दे पर अदायगी का जलवा बिखेरने वाली माधुरी को बचपन से ही नृत्य में रुचि थी, जिसके कारण महज तीन साल की उम्र में उन्होंने नृत्य सीखना प्रारम्भ कर दिया और आठ साल की उम्र में वह कत्थक नृत्य में पारंगत हो गई। उन्होंने कभी भी नहीं सोचा था कि वह एक्टिंग को अपना करियर बनाएंगी। उनका रुझान माइक्रोबायोलॉजी की पढ़ाई में ज्यादा था और यही कारण था कि उन्होंने मुंबई के विले पार्ले के कॉलेज से इसकी पढ़ाई भी की। माधुरी को राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'अबोध' में बतौर मुख्य अभिनेत्री काम करने का मौका मिला। साल 1984 में रिलीज हुई इस फिल्म में माधुरी के साथ बंगाली फिल्मों के मशहूर अभिनेता तपस पॉल भी मुख्य भूमिका में थे। हालांकि यह फिल्म फ्लॉप हो गई, लेकिन आलोचकों ने फिल्म में माधुरी के अभिनय को काफी पसंद किया। इसके बाद माधुरी को कई फिल्मों के ऑफर मिलने लगे, लेकिन उन्हें असली पहचान साल 1988 में आई फिल्म 'तेजाब' से मिली। इस फिल्म में मोहिनी के किरदार में उन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। इस फिल्म में उनके साथ अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में इस जोड़ी को काफी पसंद किया गया और फिल्म के गाने भी काफी मशहूर हुए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही और माधुरी फिल्मी दुनिया की सुपरहिट अभिनेत्री बन गई। इसके बाद माधुरी ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। माधुरी ने अपने फिल्मी करियर में हर भूमिका को बखूबी निभाया, चाहे वह फिल्म 'मृत्युदंड' में सशक्त नारी का किरदार हो, दिल में चुलबुली लड़की, 'देवदास' में नृत्यांगना का किरदार हो या 'दिल तो पागल है' और 'हम आपके है कौन' जैसी फिल्मों का रोमांटिक किरदार हो या फिर 'राम लखन' में सीधी सादी लड़की हो। माधुरी ने फिल्म जगत के लगभग हर बड़े कलाकार के साथ अभिनय किया।